

?????/SCERT/EGR/33-4/C/2015 /1188 ???????????09-03-2015

शब्दकोशः–

सजातीय संयुक्ताक्षर

मम्मी, बल्लू, मुन्नी, शक्कर, चप्पल, गुस्साई, चिल्लाई

यह पुस्तक छत्तीसगढ़ के शिक्षकों द्वारा पढ़ने के विशेष तकनीक को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह क्रमिक अधिगम सामग्री बच्चों को तेज गति से पढ़ने में मदद करेगी।

25

शक्कर का चक्कर



कक्षा–दूसरी

क्रमिक अधिगम सामग्री

मम्मी ने आवाज लगाई।
मुन्नी झटपट दौड़ी आई।।



मोटर जब कीचड़ में फँसी।
देख के मुन्नी बहुत हँसी।।



कीचड़ देख मुन्नी गुस्साई।
मम्मी–मम्मी वह चिल्लाई।।



मम्मी बोली–
बल्लू की दुकान में जाओ।
जल्दी शक्कर लेकर आओ।।

मुन्नी निकली चप्पल पहने।
लेकर थैला शक्कर लेने।।

पों–पों करती आई मोटर।
लगा फ्राक में कीचड़ उड़कर।।